26 जनवरी को प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित होने को चयनित छात्र।

# डीपीएस के चार टॉपर्स को प्रधानमंत्री करेंगे सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बुलंदशहर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के चार टॉपर छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गणतंत्र दिवस पर सम्मानित कर उनसे वार्ता करेंगे। देशभर से इसमें सीबीएसई के टॉपर छात्रों का चयन हुआ है। इस सूची में प्रथम स्थान पर डीपीएस के ये चारों छात्र हैं। 25 जनवरी को इन छात्रों को दिल्ली ले जाया जाएगा।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. हरिशंकर वशिष्ठ ने बताया कि विद्यालय के चार टॉपर छात्रों को गणतंत्र दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट में तुषार सिंह ने सीबीएसई में देश भर में प्रथम स्थान पाया है। पूर्व में उन्हें सीबीएसई और राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा साक्षी सिंह, अक्षिता तेवतिया द्वितीय और दिव्यांशी चौधरी तृतीय रहीं। देश के प्रधानमंत्री गणतंत्र दिवस पर इन चारों छात्रों को सम्मानित करेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि देश भर के टॉपर छात्रों की सूची सीबीएसई द्वारा तैयार की गई है। इस सूची में प्रथम स्थान पर विद्यालय के ये चारों छात्र शामिल हैं। पूरे देश से केवल 25 छात्रों को सम्मानित के लिए चयन किया गया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। डीपीएस सोसायटी के अध्यक्ष पदम भूषण वीके शुंगलू तथा चेयरमैन बीपी खंडेलवाल ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आईएएस बनना चाहते हैं चारों छात्र

दिल्ली पब्लिक स्कूल के जिन चार छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। वह आईएएस बनना चाहते हैं। सीबीएसई की वर्ष 2020 की बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट में तुषार सिंह ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर देश भर में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रा साक्षी सिंह और अक्षिता तेवतिया ने परीक्षा में 99.8 फीसदी और दिव्यांशी चौधरी ने 99.6 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। इन चारों छात्रों का कहना है कि वह आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहते हैं।

दैनिक अमर उजाला, 23 जनवरी 2021

## संक्षेप

बुलंदशहर के डीपीएस पब्लिक स्कूल में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किए जाने वाले मेधावी छात्र। • हिन्दुस्तान

# डीपीएस के छात्रों को प्रधानमंत्री करेंगे सम्मानित

**बुलंदशहर।** नगर के डीपीएस यमुनापुरम इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी टॉपर छात्रों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित कर उनसे वार्ता करेंगे। देशभर से इसमें सीबीएसई के टॉपर छात्रों का चयन हुआ है और इस सूची में प्रथम स्थान पर डीपीएस के चार छात्र हैं। डीपीएस के प्रधानाचार्य डा. हरिशंकर वशिष्ठ ने बताया कि विद्यालय के चार टॉपर छात्रों को गणतंत्र दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट में तुषार सिंह ने सीबीएसई में देशभर में प्रथम स्थान पाया है। इसके अलावा साक्षी सिंह, अक्षिता तेवतिया और दिव्यांशी चौधरी ने द्वितीय एवं तृतीय रही हैं।

दैनिक हिन्दुस्तान, 23 जनवरी 2021

सम्मान

26 जनवरी को पीएम से पुरस्कृत होने वाले कक्षा 12 के 25 छात्रों में चार बुलंदशहर के

# तुषार समेत चार छात्रों को प्रधानमंत्री करेंगे पुरस्कृत

**जागरण संवाददाता, बुलंदशहर:** सीबीएसई इंटरमीडिएट-2020 की परीक्षा में सफलता का डंका बजाने वाले दिल्ली पब्लिक स्कूल के चार छात्रों को 26 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में पुस्कृत करेंगे। इन चारों छात्रों में शतप्रतिशत अंक प्राप्त कर नेशनल टापर तुषार सिंह के अलावा तीन छात्राएं भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कृत होने का निमंत्रण मिलने पर कालेज में खुशी का माहौल है।

प्रधानाचार्य डा. एचएस वशिष्ठ ने बताया कि वर्ष 2020 के परीक्षा परिणाम में कालेज के कक्षा 12 के छात्र तुषार सिंह ने पांच सौ में से पांच सौ अंक प्राप्त कर कालेज और जिला ही नहीं बल्कि नेशनल टापर के स्थान पर कब्जा किया। इसके अलावा साक्षी सिंह ने 99.8 फीसद, अक्षिता तेवतिया ने 99.8 फीसद और देवयानी चौधरी ने 99.6 फीसद अंक प्राप्त कर अपनी सफलता का लोहा मनवाया। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीबीएसई 12वीं के देशभर के 25 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे। इसमें अकेले डीपीएस बुलंदशहर के चार विद्यार्थी शामिल हैं। ये अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

बुलंदशहर के डीपीएस के चारों मेधावी विद्यार्थी अपने प्रधानाचार्य के साथ • जागरण

दिल्ली जाने से पहले प्रधानाचार्य समेत पूरे स्टाफ ने चारों मेधावियों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री से मिलने वाले इस सम्मान पर कालेज में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य ने बताया कि कालेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत से ही मुकाम हासिल हुआ है।

## डीएम भी कर चुके सम्मानित

डीपीएस सोसायटी के चेयरमैन पदम भूषण वीके शुंगलू ने तुषार सिंह को पचास हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मेधावी को डीएम रविंद्र कुमार, अखिलेश यादव की तरफ से सपा का प्रतिनिधि मंडल, राज्यमंत्री अनिल शर्मा, सीबीएसई की तरफ से केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त संजय कोठारी और केंद्र सरकार समेत तमाम संगठनों ने पुरस्कृत किया।

## सत्यापन भी हुआ

गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने के लिए चारों छात्र 25 जनवरी को दिल्ली जाएंगे। इनके साथ पुलिस के दो दारोगा भी जाएंगे। गृह मंत्रालय ने प्रशासन इनका सत्यापन कराया है। सीएमओ ने भी बात करके कोरोना के चलते आरटीपीसीआर जांच करवाई।

## गुरुओं को दिया श्रेय

तुषार सिंह, अक्षिता तेवतिया, साक्षी सिंह और देवयानी चौधरी ने सीबीएसई की इस परचम सफलता का श्रेय डीपीएस के शिक्षकों को दिया है। चारों छात्र-छात्राएं बहुत खुश हैं।

दैनिक जागरण, 23 जनवरी 2021